सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7390	08.05.2023	09.05.2023	Sultanpur Uttar Pradesh	www.patrika.com/Hindi https://www.patrika.com/sultanpur-news/bride-and-groom-victims-of-food-poisoning-in-sultanpur-8225615/
Title:	**97 people, including bride and groom, fell sick after eating food at wedding in Sultanpur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Sultanpur, SSU- Uttar Pradesh			

अखंडनगर थाना क्षेत्र के बनबहा सिरखिनपुर गांव में रविवार को अमरजीत की बेटी सोनी की बारात जौनपुर जिले के शाहगंज से आई थी। बताया जा रहा है कि रात 9 बजे के आसपास बारातियों को नाश्ते में रसमलाई, चाट, पास्ता और फुल्की दी गई।लगभग दो घंटे बाद सभी ने भोजन किया लेकिन भोजन से पहले कुछ लोगों को पेट दर्द की शिकायत हुई।

थोड़े समय बात रूबी (11) पेट में दर्द हुई और वो बेहोश हो गई। इसके बाद एक एक करके कई बाराती और घराती को उल्टी-दस्त शुरू हो गया। जयमाल से पहले दुल्हा धीरज और दुल्हन सोनी भी पेट में असहनीय दर्द ,उल्टी, दस्त से ग्रसित हो गए। इस वजह से जयमाल नहीं हो सका। सुबह 5 बजे तक दूल्हा दुल्हन की स्थिति सामान्य हुई तो वे घर पहुंचे तब कहीं कही जाकर वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो सका।

52 लोगों को शाहगंज के सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया

उधर आनन-फानन में बीमार लोगों को सीएचसी अखंडनगर ले जाया गया। देखते ही देखते सीएचसी में 45 मरीज पहुंचे तो डॉक्टर व स्टॉफ के भी हाथ पांव फूल गए। अस्पताल में बेड कम पड़ गए तो स्ट्रेचर व बेंच

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

पर लिटाकर इलाज शुरू हुआ। यहां पर भी जगह कम पड़ जाने पर लगभग 52 मरीज शाहगंज के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले जाए गए।

इन सभी का सीएचसी में चल रहा इलाज

डॉ विष्णु स्वरूप ने बताया कि अस्पताल में आए सभी मरीज फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है। सीएचसी अखंडनगर में इलाज के लिए आए लोगों में जौनपुर जिले से वासुदेव, विशाल, कृष्ण चंद्र, चंदन, जयकिशन, अजय, रमेश चंद्र प्रजापति रूबी, दीपू भारद्वाज, धीरज, सिकंदर, अनिल, अजय, प्रियांशु रहे। आजमगढ़ जिले से खुशबू, अम्बेडकर नगर जिले से मीनू और अर्पिता और सुलतानपुर जिले के रहने वाले राजन रामयश अंकित ज्योति चंद्रावती नीलम निखिल अंशी आकाश सोनी मंजू समेत कुल 45 पीड़ित इलाज के लिए सीएचसी ले जाए गए हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1